हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

11 फूलों की खेती की बारीकियों से रूबरू हुए फुसेरा स्कूल ...



12 त्यौहारी सीजन की खरीदारी से गुलजार हुआ धमतरी का ...



कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

खबर संक्षेप

निषाद समाज का दशहरा मिलन समारोह आज

जीजामगांव। निषाद समाज सिलतरा-गणेशपुर परिक्षेत्र का दशहरा मिलन समारोह 26 अक्टूबर को सिलतरा में आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि जिला निषाद समाज के अध्यक्ष चंदूलाल निषाद होंगे। अध्यक्षता 20 पाली सिलतरा के अध्यक्ष ललित निषाद करेंगे। विशेष अतिथि महिला युवा प्रकोष्ठ की केंद्रीय अध्यक्ष संतोषी निषाद एवं सरपंच संतोष पटेल होंगे। तैयारी में ललित निषाद, चन्द्रकुमार निषाद, चतुर्भुज निषाद, तुलसीराम निषाद, कुशलराम निषाद, मनहरण निषाद सहित समाज के अन्य लोग जुटे हुए हैं।

मधुबन धाम में स्काउट गाइड शिविर आज से

मगरलोड। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार एवं स्थानीय संघ मगरलोड के सचिव मानसिंह कपूर के दिशा-निर्देश में विकासखण्ड स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट गाइड शिविर का आयोजन 26 से 30 अक्टूबर तक मधुबन धाम रांकाडीह में किया जाएगा। शिविर में स्काउट गाइड को ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक उपचार, कैंप क्राफ्ट, हस्तकला, भलाई कार्य, रस्सियों की गतिविधियां, भोजन बनाना, संदेश भेजना, साइबर सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के स्काउट गाइड सम्मिलित होंगे।

समसामयिक विषयों पर हुई क्विज प्रतियोगिता

धमतरी। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में क्विज प्रतियोगिता विभागाध्यक्ष डॉ. रोहिणी मरकाम एवं अतिथि प्राध्यापक डॉ. जयश्री रणसिंग के मार्गदर्शन में हुई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिन छात्राओं ने प्रश्नों का जवाब दिया, उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में राजनीतिक चेतना, भारतीय संविधान, पंचायती राज व्यवस्था एवं समसामयिक विषयों एवं सामान्य ज्ञान के प्रति रूचि एवं जागरूकता को बढ़ावा देना था।

अंतर्राष्ट्रीय मोल दिवस मनाया गया



धमतरी। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.अनीता राजपुरिया के मार्गदर्शन में रसायनशास्त्र विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मोल दिवस पर वैज्ञानिक अमेदेओ एवोगेड्रो के विज्ञान के क्षेत्र में योगदान को याद करते हुए विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्टर मेकिंग, पज़ल, व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मोल संकल्पना तथा रासायनिक गणना में एवोगैड्रो संख्या के महत्व से परिचित कराना था। रसायन विज्ञान केवल पुस्तकीय विषय नहीं है बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन एवं वैज्ञानिक अनुसंधान का महत्वपूर्ण आधार है। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, तार्किक चिंतन तथा रसायन विज्ञान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष आकाश साहू, अतिथि व्याख्याता श्रीमती गीतांजलि टंडन, सुश्री रमा तथा एमएससी रसायनशास्त्र की छात्राएं उपस्थित रहीं।

रुद्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 20 करोड़ से बनेगा भव्य कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महापौर रामू रोहरा की पहल पर तैयार हुआ नया प्रस्ताव, शासन की स्वीकृति का इंतजार

धमतरी के धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई देने की तैयारी है। रुद्री स्थित प्राचीन रुद्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 20 करोड़ रुपये की लागत से भव्य कॉरिडोर विकसित करने की योजना बनाई गई है। महापौर रामू रोहरा की पहल से परियोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही शासन से स्वीकृति मिलने के बाद विकास कार्यों का रास्ता साफ होगा।



श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

रामू रोहरा ने कहा कि महानदी के तट पर स्थित प्राचीन रुद्रेश्वर महादेव मंदिर धमतरी की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर भगवान श्रीराम के रामवन गमन पथ से भी जुड़ा है। कॉरिडोर बनने से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का व्यवस्थित विकास होगा। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।



धमतरी की पहचान बनेगा कॉरिडोर

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का विकास धमतरी के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रुद्रेश्वर महादेव कॉरिडोर बनने से इस ऐतिहासिक स्थल को नई पहचान मिलेगी और क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाएं बढ़ेंगी।

10 करोड़ से बढ़कर 20 करोड़ का प्रस्ताव

महापौर श्री रोहरा ने बताया कि रुद्रेश्वर महादेव कॉरिडोर के लिए पहले 10 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार करने कहा गया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल और पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा से चर्चा के बाद अब 20 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। परियोजना की स्वीकृति के लिए आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

किसानों को सलाह जारी, फसलों को बचाने के लिए करें उपाय

चक्रवात के असर से जिले में फिर से बारिश की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चक्रवात से असर से एक बार फिर बारिश का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सोमवार से वर्षा संबंधित गतिविधियां तेज होने की संभावना है। 28 और 29 अक्टूबर को भारी से अति भारी वर्षा की आशंका भी है। किसानों को फसल को सुरक्षित करने और जल भराव की स्थिति से बचने के लिए निकासी की अग्रिम व्यवस्था करने की सलाह दी गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रही चक्रवाती स्थिति के प्रभाव से पूरे छत्तीसगढ़ में वर्षा की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में 28 और 29 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा हो सकती है। धमतरी जिले में भी बारिश के आसार हैं। इस पूर्वानुमान को देखते हुए किसानों को फसल की सुरक्षा, खेतों से अतिरिक्त पानी की निकासी और पशुओं को सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है। जारी सलाह के अनुसार पकने की अवस्था में पहुंच चुकी धान, दलहन एवं तिलहन फसल की कटाई फिलहाल दो से चार दिन तक टालें। जिन किसानों ने कटाई कर ली है, वे फसल को जल्द से जल्द सुरक्षित करें। फसल को अच्छे से ढंक लें या शेड या सुरक्षित स्थान पर रखें। खेतों में जलभराव से बचने के लिए अतिरिक्त पानी की निकासी की ⏭ शेष पेज 12 पर

इन जिलों में वर्षा की संभावना

26 अक्टूबर को दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, कांकेर, कोंडागांव, बिलासपुर, बेमेतरा, बस्तर सहित विभिन्न जिलों में भारी से भारी वर्षा की संभावना है। 27 अक्टूबर को दक्षिण छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों पर वर्षा हो सकती है। 28 और 29 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिलों में वर्षा होने तथा कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। उल्लेखनीय है कि मानसून की विदाई के बाद जिले में मौसम साफ हो गया है। ऐसे में बेफिक्र होकर किसान खेती-किसानी निबटा रहे हैं। उन्हें अब सावधानी बरतने की आवश्यकता है।



सब्जियों, फलों और पशुओं की सुरक्षा जरूरी

तेज हवा और वर्षा की आशंका को देखते हुए लौकी, करेला जैसी लता वाली सब्जियों को सहारा दें। जिन केले के पौधों में फूल या फल आ चुके हैं, उन्हें बांस से सहारा देकर गिरने से बचाएं। खेतों और बगीचों में जल निकासी सुनिश्चित करें। ओलावृष्टि की आशंका वाले क्षेत्रों में उपलब्धता के अनुसार ओलावृष्टिरोधी जाली का उपयोग करें। पशुओं को सूखे एवं सुरक्षित स्थान पर रखें, उनके लिए चारे और स्वच्छ पानी की व्यवस्था करें तथा वज्रपात के दौरान पेड़ों के नीचे आश्रय लेने से बचें।

गंगरेल बांध से 52 अरब घनफीट पानी छूटा



- सिंचाई के लिए 24 टीएमसी, महानदी में 15 टीएमसी छोड़ा, भिलाई नहर को दिया पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महानदी परियोजना के चारों बांधों में जितना उपयोगी पानी संग्रहण होता है, उससे अधिक पानी गंगरेल बांध से छूट चुका है। वर्तमान में खरीफ फसल के लिए सिंचाई पानी देने का सिलसिला जारी है। सितंबर माह में शत- प्रतिशत जलभराव वाले गंगरेल बांध में अब 61 प्रतिशत जलभराव है। हालांकि सहायक बांधों में लबालब पानी भरा हुआ है।

सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल जिले में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। परियोजना के सभी बांधों से अतिरिक्त पानी नहर तथा नदी में फ्लड करना पड़ा। गंगरेल बांध से 13 अगस्त से सिंचाई पानी देने का सिलसिला शुरु हुआ। 24 अगस्त तक रूद्री बॉज के माध्यम से सिंचाई के लिए 24.620 टीएमसी पानी दिया जा चुका है। वर्तमान में 6859 क्यूसेक पानी खरीफ फसल के लिए मुख्य नहर में छोड़ा जा रहा है। बताया गया है कि बारिश के दौरान बांध में अत्यधिक पानी की आवक होने पर महानदी में 15.903 टीएमसी पानी फ्लड किया गया है। इसके अलावा भिलाई नहर के माध्यम से भी पानी सिंचाई तथा तांदुला बांध के लिए छोड़ा गया। इस तरह गंगरेल बांध से वर्षाकाल में 52.956 टीएमसी पानी छोड़ा जा चुका है जो चारों बांधों में उपयोगी जलभराव क्षमता से अधिक पानी है।

परियोजना के बांधों की स्थिति टीएमसी में

बांध	ग्रास लेवल	उपयोग पानी	वर्तमान स्थिति
गंगरेल	32.150	27.079	16.461
माड़मसिल्ली	5.839	5.718	5.550
दुधावा	10.995	10.032	9.051
सोंदूर	6.995	6.342	5.262

महंगी सब्जियों ने बिगाड़ा रसोई का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के बाजारों में हरी सब्जियों के दाम कम नहीं होने से आम उपभोक्ता परेशान हैं। महंगी सब्जियों ने लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। मनपसंद सब्जियां खरीदने के लिए लोगों को पहले की तुलना में अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। पत्तेदार भाजी और मौसमी सब्जियों के दाम भी ऊंचे बने हुए हैं, जिससे आम परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। शहर के इतवारी बाजार में रविवार को सुबह से शाम तक ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। हालांकि सब्जियों के ऊंचे दाम के कारण लोग जरूरत के अनुसार ही खरीदारी करते नजर आए। सब्जी विक्रेता नंदकुमार पटेल के अनुसार बाजार में कई प्रमुख सब्जियां महंगी बिक रही हैं। भटा 30 रुपये, गाजर 40 रुपये, कुंदरू 40 रुपये, करेला 60 रुपये, बरबटी 50 रुपये और भिंडी 40 रुपये किलो बिक रही है। वहीं ग्वारफल्ली 80 रुपये, टमाटर 40 रुपये, गोभी 60 रुपये और मुनगा 100 रुपये किलो तक पहुंच गया है। इसी तरह हरा धनिया 120 रुपये, शिमला मिर्च 60 रुपये, परवल 50 रुपये, कोचई 60 रुपये और मेथी भाजी 80 रुपये किलो बिक रही है। हरा मटर के दाम 150 रुपये किलो होने से उपभोक्ताओं को अधिक खर्च करना पड़ रहा है। हालांकि मूली 20 रुपये, लौकी 20 रुपये और कद्दू 30 रुपये किलो में उपलब्ध हैं। किराना बाजार में आलू 20 रुपये और प्याज 50 रुपये किलो बिक रहा है। महंगाई से उपभोक्ता परेशान है। सब्जियों की ऊंची कीमत का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। उपभोक्ताओं को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सब्जियों की आवक बढ़ने से कीमत में गिरावट आएगी और उन्हें राहत मिलेगी।

- टमाटर से मटर तक के दाम बढ़े, उपभोक्ता परेशान



केरेगांव रेंज में तेंदुए का शव मिला

- भूख से मौत का अनुमान, विसरा रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

केरेगांव रेंज स्थित ग्राम बीजापुर के जामनाला के पास एक मृत मादा तेंदुआ का शव मिला है। शव सड़ चुका है। स्थिति को देखते हुए उसकी मौत 5 से 6 दिन पहले की होगी। तेंदुए की हालत देखकर वन विभाग इसे शिकार का मामला नहीं मान रहा है।

केरेगांव रेंज के ग्राम बीजापुर से एक किमी दूर जामनाला के पास मिले तेंदुए के शव की जांच वन विभाग कर रहा है। तेंदुए के पैर, नाखून, मूंछ, दांत और पूंछ सहित सभी अंग मौजूद पाए गए हैं। पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की माने तो पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुए के पेट में भोजन का कोई अंश नहीं मिला। इससे भूख से मरने की आशंका को भी नकारा नहीं जा सकता।





धमतरी वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि केरेगांव रेंज में जामनाला के पास एक तेंदुआ का शव मिला है। शव लगभग सड़ चुका था। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। एनटीसीए प्रोटोकाल के तहत 3 डाक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया। विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आयेगी। उन्होंने बताया कि मृत तेंदुआ का दांत टूटा हुआ पाया गया था। बूढ़ा होने के कारण नेचुरल मौत भी हो सकती है।

पशु चिकित्सक डा.प्रह्लाद लावत्रे ने कहा कि तेंदुआ का शव 5 से 6 दिन पुराना होने के कारण काफी सड़ चुका था। शरीर पर बाहरी चोट या संघर्ष के निशान स्पष्ट नहीं पाए गए हैं। पोस्टमार्टम में तेंदुए के पेट में भोजन नहीं मिला है। हो सकता है कि बुढ़ापे के कारण शिकार करने में असमर्थ रहा होगा।

टोकन को लेकर सरकारी गाइडलाइन का इंतजार

इस बार भी रकबा समर्पण करवाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस बार भी किसानों से बड़ी मात्रा में धान का रकबा सरेंडर करवाने की तैयारी है। मिली जानकारी के अनुसार किसानों को टोकन में तय मात्रा के अनुसार ही धान लेकर खरीदी केंद्र आना होगा। धान की मात्रा कम होती है तो उतना रकबा सरेंडर करना होगा। इसके लिए किसानों को दूसरा टोकन जारी नहीं किया जाएगा। हालांकि अभी इसे लेकर कोई अधिकारिक निर्देश नहीं आया है।

पिछली धान खरीदी में बड़ी संख्या में किसानों से रकबा समर्पण करवाया गया था। इस साल भी उसी अंदाज में रकबा समर्पण करवाने की तैयारी चल रही है। इस बार किसानों को समर्थन मूल्य पर धान की तारीख और निर्धारित मात्रा का विशेष ध्यान रखना होगा। टोकन में दर्ज मात्रा के अनुसार धान लेकर खरीदी केंद्र जाना होगा। कम धान ले जाते हैं तो उस धान के अनुपात में रकबा समर्पण कर दिया जाएगा, यानी उतने रकबे का धान किसानों से नहीं खरीदा जाएगा और न ही उतने रकबे के लिए कोई टोकन जारी किया जाएगा। यही नहीं टोकन में निर्धारित तिथि में धान खरीदी केंद्र नहीं ले जाने की स्थिति में वह टोकन डिलीट हो जाएगा। दूसरी बार टोकन जारी करने का अवसर केवल एक बार ही दिया जाएगा। इस बार खरीदी प्रक्रिया डिजिटल तरीके से होगी। किसानों का सत्यापन बायोमेट्रिक प्रणाली से किया जाएगा। इसमें फिंगर या आइरिस से किसानों की पहचान की जाएगी।



मोबाइल एप से कटेगा टोकन

टोकन जारी करने के लिए मोबाइल एप को प्राथमिकता दी जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार खरीदी केंद्र में 70 प्रतिशत टोकन मोबाइल एप के माध्यम से काटा जाएगा, बाकी 30 प्रतिशत सहकारी समितियों से जारी किया जा सकता है। इसके लिए किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्हें मोबाइल एप से टोकन कटवाने की प्रक्रिया भी बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त ज्वाइस सेंटरों से भी टोकन कटवाने की सुविधा है।

कोई गाइडलाइन नहीं मिली

धान खरीदी को लेकर यह जानकारी सभी खरीदी केंद्रों तक पहुंच गई है, लेकिन इस संबंध में अधिकृत रूप से कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि गाइडलाइन आते ही सभी खरीदी केंद्रों में सर्कुलेट कर दिया जाएगा। अभी इस संबंध में कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी जा सकती है।

धान की कटाई-मिंजाई ने पकड़ी रफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दशहरे के बाद अब फसल कटाई-मिंजाई ने रफ्तार पकड़ ली है। थ्रेसर, हार्वेस्टर अब खेतों में नजर आ रहे हैं। उधर अभी धान खरीदी में काफी वक्त है। ऐसे में किसान कटाई-मिंजाई के बाद धान को स्टोर कर रहे हैं।

अर्ली वैरायटी की फसल दशहरा से पहले ही पककर तैयार हो गई। किसान त्योहार का इंतजार कर रहे थे। अब दशहरा मनाने के बाद वे खेतों में नजर आने लगे हैं। कुछ किसान हाथ से धान की कटाई करवा रहे हैं। इसके बाद वे थ्रेसर से मिंजाई करवाएंगे। कई किसानों ने दशहरा से पहले कटाई करवा ली थी, अब वे मिंजाई करवा रहे हैं। वहीं कई किसान हार्वेस्टर से मिंजाई करवा रहे हैं। इसके बाद वे धान को धूप में सुखाकर स्टोर करेंगे। उधर नए हार्वेस्टर और थ्रेसर की बिक्री भी खूब हो रही है। पुरानी मशीनों की रिपेयरिंग के लिए भी तकनीशियनों के पास लाइन लगी हुई है।

खबर संक्षेप

मिशन रक्षक प्रशिक्षण के लिए निकला युवक लापता

कांकेर। थाना सरोना क्षेत्र के ग्राम करप निवासी 21 वर्षीय हेमेन्द्र कुमार पटेल लापता हो गया है। उसके पिता कौशल पटेल के अनुसार, हेमेन्द्र 24 अक्टूबर की सुबह साड़े 5 बजे मिशन रक्षक प्रशिक्षण के लिए सरोना मैदान जाने की बात कहकर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीपी 1126 से निकला था। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने अपहरण की आशंका पर धारा 140 (3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

निधन

नागेशराम साहू

अंवरी। ग्राम कंवर निवासी नागेशराम साहू उम्र 36 वर्ष का आकस्मिक निधन 24 अक्टूबर शनिवार को हो गया। वे गंगाराम-गोदावरी साहू के पुत्र, जागेश्वरी साहू के पति एवं त्रिभुवन, रामेश्वर साहू के छोटे भाई थे। उनकी अंत्येष्टि गृहग्राम के शांतिघाट में हुई जिसमें बड़ी संख्या में परिवारजन, समाजजन एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।



प्रथम पृष्ठ का शेष

चक्रवात के असर से जिले में बारिश होने...

व्यवस्था करें। खेतों की नियमित निगरानी करें और कीट या रोग के लक्षण दिखाई देने पर मौसम साफ होने के बाद ही उचित कीटनाशक या कवकनाशक का छिड़काव करें। उतेरा फसल के रूप में तिवरा और अलसी की बुवाई कुछ दिनों के लिए टालने तथा रबी फसलों की बुवाई नवंबर के प्रथम सप्ताह से शुरू करें।

कोसमर्रा में चार दिवसीय विजयादशमी महोत्सव की धूम, दो दिन हुआ रावण वध

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम कोसमर्रा में विजयादशमी महोत्सव मनाया गया। लगातार चार दिनों तक चले इस महोत्सव में रामलीला, रावण वध, छत्तीसगढ़ी नाचा और भव्य झांकी मुख्य आकर्षण रहे। आयोजन के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। बाल समाज लीला मंडली के नेतृत्व में लगातार तीन दिनों तक रामलीला का मंचन किया गया। विजयादशमी के दिन भगवान श्रीराम के हाथों रावण वध किया गया। इसके अगले दिन लीला चौक कोसमर्रा में पुनः रावण वध का कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्रामीणों के अनुसार गांव में कई वर्षों से दो दिन रावण वध की परंपरा चली आ रही है, जिसका निर्वहन इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। मौके पर सरपंच डॉ. कुलेश्वर साहू, उपसरपंच हेमलाल चौरे, रूपचंद साहू, रोहित साहू, रविन्द्र कोसरे, अमित बनपेला, महेंद्र यादव, सुभाष साहू, रामप्रसाद कंवर, रोहित निर्मलकर, ओमप्रकाश साहू, हितेंद्र ध्रुव, पप्पू मरकाम, मनोज देवांगन, अमित ध्रुव, गैंदलाल साहू, तोमन यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ी नाचा और भव्य झांकी ने मोहा ग्रामीणों का मन

रामलीला के कलाकारों ने जीता दर्शकों का दिल

बाल समाज लीला मंडली के नेतृत्व में सुखदास साहू, विनोद यादव और भूपेश साहू की भूमिका रही। राम के किरदार में सोनू निर्मलकर, लक्ष्मण के रूप में उज्ज्वल कंवर, माता सीता के रूप में अमन देवांगन, हनुमान के रूप में हेमंत बंजारे तथा रावण के किरदार में सुरेश निर्मलकर, मेघनाथ के रूप में मयंक कोसरे, विभीषण के किरदार में गोविंदा निषाद ने अपने अभिनय से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।



कलाकारों ने दी अनुपम प्रस्तुति

महोत्सव के दौरान दो दिन तक छत्तीसगढ़ी नाचा का मंचन किया गया। नाचा में नायक दीपक नेताम तथा कुंदन बंजारे, अजय बंजारे, केवल मानिकपुरी, चुरामण ध्रुव और बाऊ बंजारे सहित अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। शाम को भव्य झांकी निकाली गई, जिसने पूरे गांव में धार्मिक उत्साह का माहौल बना दिया।

धान बोनस और समर्थन मूल्य पर आर-पार के मूड में दिखे किसान

मंत्रालय घेराव की तैयारी : कुरुद में बनी अन्नदाता गर्जना रैली की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

आगामी 27 अक्टूबर को नया रायपुर स्थित महानदी भवन के समक्ष आयोजित होने वाली विशाल अन्नदाता गर्जना रैली को सफल बनाने के लिए कुरुद कृषि उपज मंडी में भारतीय किसान संघ की बैठक हुई। बैठक में जिले के चारों विकासखंड धमतरी, कुरुद, नगरी एवं मगरलोड के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान धान बोनस की करो तैयारी, रायपुर आ रहे हैं हलधारी के नारे के साथ आंदोलन की विस्तृत रणनीति बनाई गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने कहा कि यह आंदोलन किसानों के बुनियादी अधिकारों और भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने 27 अक्टूबर को नया रायपुर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। बैठक के पश्चात पदाधिकारियों ने कृषि उद्यानिकी भाटागांव में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया।





बैठक में उठाई गईं प्रमुख मांगें

धान का मूल्य व बकाया
वर्ष 2022-23 की धान खरीदी के बकाया 1700 करोड़ रुपये का तत्काल भुगतान और समर्थन मूल्य में वृद्धि का लाभ देते हुए 3358 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी सुनिश्चित की जाए।

खरीदी व्यवस्था व समय-सीमा
धान खरीदी 15 नवंबर से 15 फरवरी तक संचालित हो, प्रति तौल अधिकतम 40 किलो 700 ग्राम तय किया जाए तथा टोकन व्यवस्था में पारदर्शिता व सुधार लाया जाए।

किसानों को राहत व संरक्षण
किसानों पर दबाव बनाकर बैंक खाते समर्पित कराने की प्रक्रिया तुरंत बंद हो और बाढ़ से प्रभावित फसलों का निष्पक्ष सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

योजनाएं व अन्य उपज
गो वंदन योजना लागू करने, जी-राम-जी योजना को गौ संरक्षण एवं संवर्धन से जोड़ने तथा मक्का और गेहूं की भी समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी की मांग रखी गई।

सिंचाई व भूमि अधिग्रहण
अधूरी सिंचाई परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने, पैरी हाईडैम जैसी नई परियोजनाओं को मंजूरी देने, खाद की कालाबाजारी व अधिक कीमत पर रोक लगाने तथा भूमि अधिग्रहण में उदयपुर डिक्लेरेशन का पालन करने पर जोर दिया गया।

इस दौरान ललित सिंह, दुलारसिंह, विनय साहू, ठाकुरराम साहू, हेमेंद्र साहू, टोमन साहू, प्रदीप चंद्राकर, शत्रुघ्न साहू, टुमेंद्र साहू, राजकुमार चंद्राकर, रामेश्वर सिंह, हीरालाल साहू, प्रदीप यादव, ओंकार चंद्राकर, गजाधर यादव, सनी बैस, सेवकराम साहू, खिलावन चंद्राकर, संतराम साहू, डोमन साहू सहित बड़ी संख्या में किसान व संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अंचल की खबरें

सोरम के चार छात्र खिलाड़ी का खो-खो में चयन



धमतरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम के चार छात्र खिलाड़ी का चयन राज्यस्तरीय खो-खो (14 वर्ष बालक -बालिका) प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता खैरागढ़ में 29 अक्टूबर तक होगी।

- राज्यस्तरीय प्रतियोगिता खैरागढ़ में 29 अक्टूबर तक होगी

क्षेत्रीय स्तर प्रतियोगिता गरियाबंद में आयोजित हुई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम के कविता यादव पिता रवि यादव, रेशमा यादव पिता कालीचरण यादव, डिगेश्वरी ध्रुव पिता घनाराम ध्रुव, रूपेश यादव पिता नंदकिशोर यादव का चयन इस स्पर्धा के लिए हुआ है। इनके चयन पर डीईओ मधुलिका तिवारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी शकीला देवदास, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी, सरपंच श्यामसुंदर सिन्हा, उपसरपंच नरेंद्र साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, नरेश यादव ,प्राचार्य पूर्णिमा वारदे, वरिष्ठ व्याख्याता जेआर साहू, व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार सिन्हा, अंजू लिखी, बीपी साहू, गुलेश्वरी देवांगन, सरिता शर्मा, दानेश्वरी सिन्हा, छाया श्रीवास्तव समेत अन्य ने खुशी जताई है।



बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

अंवरी। आंगनबाड़ी केंद्र सिंगदेही में बाल मेले का आयोजन किया गया।

- सिंगदेही आंगनबाड़ी केंद्र में बाल मेला का आयोजन

कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी में संचालित विभिन्न पोषण योजनाओं की जानकारी देना तथा बच्चों के अभिभावकों का आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ाव बढ़ाना था। मेले में गतिविधि आधारित रोचक माध्यमों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूक किया गया। बाल मेले में बच्चों का पंजीकरण, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, सामाजिक विकास, पोषण आहार, टीकाकरण, हाथों का कमाल, माता सहायता केंद्र और खेल जगत सहित विभिन्न काउंटर लगाए गए। इन काउंटरों के माध्यम से बच्चों के विकास, स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में पालकों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंद यदु जनपद सदस्य कुरूद और विशिष्ट अतिथि सुजान सिंह ध्रुव ग्राम पटेल, मोनिका साहू पर्यवेक्षक, नर्मदा ध्रुव पंच, सोहनी विश्वकर्मा पंच, गणेश ध्रुव प्रधानपाठक सिंगदेही, सीमा साहू शिक्षिका सिंगदेही थे। कार्यक्रम का संचालन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शारदा ध्रुव ने किया।

भाखड़ा नांगल बांध पं. नेहरू की देन : गोविंद

अंवरी। 22 अक्टूबर 1963 को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना भाखड़ा नांगल बांध को राष्ट्र को समर्पित किया था। गोविंद साहू ने कहा कि पंडित नेहरू ने 17 नवंबर 1955 को सूखी सतलुज के तट पर इसका औपचारिक भूमिपूजन-शिलान्यास किया था और लगभग 7 वर्ष की अथक मेहनत के बाद यह बांध पूर्ण हुआ। नेहरू ने इसे पुनरुत्थानशील भारत का नया मंदिर कहा था। यह केवल एक बांध नहीं, बल्कि कांग्रेस की दूरदर्शी सोच, आत्मनिर्भर भारत और मिश्रित अर्थव्यवस्था का जीवंत प्रतीक है। आज कुछ लोग इतिहास बदलने की बात करते हैं, तब हमें याद रखना चाहिए कि भाखड़ा नांगल, भिलाई स्टील प्लांट, इसरो,



प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 139वें एपिसोड को जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के 12 वर्षों के सफर को याद करते हुए देशवासियों के स्नेह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने, स्वदेशी उत्पादों को अपनाने तथा देश के विकास में योगदान देने की सराहना की। उन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों के प्रयासों और जनकल्याणकारी योजनाओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला। देशवासियों को दीपावली एवं गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, पूर्व सरपंच महेंद्र नेताम, चलेश्वरी साहू, अश्विनी निषाद, शंकर देव, अंबिका ध्रुव एवं आरपी साहू सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

मोदे में सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 139वीं कड़ी नगरी मंडल के ग्राम पंचायत मोदे में सुनी और देखी गई। इस अवसर पर सरपंच कलेंद्री कश्यप के निवास स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों और उनके प्रेरणादायी संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों के साथ विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय एवं जनहित से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा करते हैं। यह कार्यक्रम देश के अलग-अलग क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक कार्यों, जनभागीदारी, सामाजिक जागरूकता, नवाचार तथा राष्ट्र निर्माण में आम नागरिकों के योगदान को सामने लाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। लोगों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनते हुए समाज और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा प्राप्त की।

मौके पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, मंडल प्रभारी मोहन नाहटा, मंडल अध्यक्ष राजेश गोसाईं, पूर्व जिला महामंत्री नागेन्द्र शुक्ला, बूथ अध्यक्ष डोमार सोम, सखाराम कश्यप, भोजराम कश्यप, किशन कश्यप सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

डिजिटल उपकरणों से बच्चों को मिलेगी आधुनिक शिक्षा



- डॉ. जांगड़े ने पिता की स्मृति में स्कूलों में बांटी शिक्षण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय प्राथमिक शाला पाईकभाठा में स्वर्गीय पुनारद राम जांगड़े पूर्व प्रधान पाठक शासकीय माध्यमिक शाला मोंगराडीह, विकासखंड मैनपुर जिला गरियाबंद की स्मृति में उनके पुत्र डॉ. उमाशंकर जांगड़े द्वारा शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। शासकीय माध्यमिक शाला पोड़ागांव को 1 नग प्रोजेक्टर, संकुल केंद्र पोड़ागांव को 1 नग प्रिंटर, शासकीय प्राथमिक शाला जंगलपारा छिपली को एक नग प्रोजेक्टर, शासकीय माध्यमिक शाला बटनहर्रा को 1 नग स्मार्ट टीवी दिया गया।

मुख्य अतिथि जसपाल सिंह खनूजा जिला अध्यक्ष समन्वयक संघ, विशेष अतिथि उमेश सोम प्रधानपाठक शामाशा मल्हारी, जीरु संजय रेड्डी समन्वयक संकुल केंद्र घठुला, प्रमोद साहू समन्वयक संकुल केंद्र सेमरा थे। अतिथियों ने डॉ. उमाशंकर जांगड़े द्वारा अपने पिता की स्मृति में किए गए इस सामाजिक एवं शैक्षणिक योगदान की सराहना की। डिजिटल उपकरणों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा मिलेगी तथा संकुल के प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी।

राष्ट्रपति भवन में 'इंडियन हर्बल हेरिटेज गार्डन' स्थापित करने का प्रस्ताव रखा

- औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान लोकभवन रायपुर में आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जनजातीय स्वास्थ्य परंपराओं के संरक्षण, औषधीय पौधों के संवर्धन और आदिवासी किसानों की आर्थिक आत्मनिर्भरता से जुड़े प्रयासों की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने जनजातीय समाज के समग्र विकास, पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान के संरक्षण, औषधीय पौधों के संवर्धन तथा ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका के नए अवसर सृजित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की।

मुलाकात के दौरान जनजातीय अंचल में पीढ़ियों से संरक्षित पारंपरिक स्वास्थ्य परंपराओं और औषधीय वनस्पतियों के महत्व को रेखांकित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पारंपरिक वैद्यों के अनुभवजन्य ज्ञान का संरक्षण, उनके पंजीयन एवं प्रमाणन की प्रक्रिया तथा औषधीय पौधों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयास इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रतिनिधिमंडल में जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार ध्रुव, वैद्यराज दशरथ नेताम, जानकी प्रसाद पुलस्त्य, रामलाल कुंजाम, कृषक लकेश नेताम, सामाजिक कार्यकर्ता आशु पोडेटी शामिल रहे।



लखपति योजना से बदली आदिवासी किसानों की आर्थिक स्थिति

आदिवासी किसानों ने लखपति योजना से अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों, आय में वृद्धि और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में प्राप्त अनुभवों को राष्ट्रपति के साथ साझा किया।

पारंपरिक ज्ञान को पहचान दिलाने का प्रयास

प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के माध्यम से राष्ट्रपति भवन परिसर में इंडियन हर्बल हेरिटेज गार्डन स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। इस पहल का उद्देश्य भारत की समृद्ध औषधीय वनस्पति विरासत को संरक्षित करने, पारंपरिक ज्ञान को पहचान दिलाने तथा औषधीय पौधों के महत्व को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करने की दिशा में प्रयास करना है। प्रस्ताव पर राष्ट्रपति ने सहजता से सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की और आगामी समय में इसे साकार करने की दिशा में आश्वासन दिया।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौगागगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



खबर संक्षेप

एमसीएच कालीबाड़ी में होगा ऑपरेशन थियेटर का उन्नयन

रायपुर। कालीबाड़ी स्थित मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में तीन ऑपरेशन थिएटर को बेहतर बनाने का काम 16 नवंबर से शुरू होगा। इस काम को पूरा होने में लगभग तीन महीने लगेंगे। इस दौरान मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। उन्नयन कार्य के दौरान कालीबाड़ी अस्पताल में होने वाले ऑपरेशन जिला अस्पताल, पंडरी में किए जाएंगे। इसके लिए पंडरी अस्पताल में जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।ऑपरेशन थिएटर के उन्नयन के दौरान कालीबाड़ी अस्पताल में सामान्य प्रसव, ओपीडी और वार्ड की सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी।

प्रोजेक्ट धड़कन, 29 को मिला नया जीवन

रायपुर। जिले में संचालित 'प्रोजेक्ट धड़कन' जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए नई उम्मीद बन रहा है। इसके अंतर्गत जिले में अब तक 2 लाख 58 हजार 838 बच्चों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। वहीं 29 बच्चों के हृदय का निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया है तथा 9 बच्चों को आवश्यक चिकित्सा उपचार एवं प्रबंधन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस पहल से बच्चों को स्वस्थ जीवन की नई उम्मीद मिली है और उनके माता-पिता के चेहरों पर खुशियां लौटी हैं। जिला प्रशासन एवं श्री सत्य साईं अस्पताल के सहयोग से जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में बच्चों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग कर हृदय रोग के संदिग्ध लक्षण पाए जाने पर उन्हें विस्तृत जांच के लिए चिन्हांकित किया जाता है।

रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों का स्वागत

रायपुर। छत्तीगढ़ की बालिका टीम ने 38वीं राष्ट्रीय सबजुनियर टेनिकॉईट स्पर्धा में कास्य पदक जीत कर राजधानी पहुंचने पर रेल्वे स्टेशन में खिलाडियों का टेनिकाईट संघ के ने स्वागत किया। इस मौके पर पदक विजेता टीम खिलाड़ी- नुकिता साहू, ऐश्वर्या साहू, दिशा साहू, निशा वर्मा, उन्नति दूबे, नियति जायसवाल मौजूद रही। टीम ने पंजाब, दिल्ली, पश्चिम बंगाल को 3-0, गोवा को 3-1 से हराया, सेमीफाइनल में पुडुचेरी से 3-2 से हारकर कांस्य जीता।

किताबों से निकलकर खेतों में लिया खेती-किसानी का व्यावहारिक ज्ञान

फूलों की खेती की बारीकियों से रूबरू हुए फुसेरा स्कूल के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से आदर्श माध्यमिक विद्यालय फुसेरा के विद्यार्थियों ने ग्राम दरबा में गेंदा फूलों की खेती का शैक्षणिक भ्रमण किया। संकुल केंद्र दर्रा अंतर्गत आयोजित इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने फूलों की खेती, बागवानी, पर्यावरण संरक्षण और कृषि के महत्व को करीब से जाना।

सामाजिक विज्ञान के शिक्षक रमाकांत साहू की पहल पर विद्यार्थियों को कक्षा और किताबों से बाहर निकालकर वास्तविक जीवन से जोड़ने का प्रयास किया गया। ग्राम दरबा के नवाचारी एवं मेहनतकश किसान नोमेन्द्र साहू के गेंदा फूलों के बागान में पहुंचकर विद्यार्थियों ने खेती की विभिन्न प्रक्रियाओं को समझा। रंग-बिरंगे गेंदा फूलों से सजे बागान में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। विद्यार्थियों ने किसान से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और फूलों की खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

शैक्षणिक भ्रमण में शामिल विकासखंड शिक्षा कार्यालय कुरुद से जुड़े धर्मेन्द्र साहू ने कहा कि फूलों के बागान में पहुंचकर बच्चों ने जिस उत्सुकता से खेती की बारीकियों को समझा, वह प्रेरणादायक है। विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष अवलोकन के साथ प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी ज्ञान अर्जित किया। इस तरह की गतिविधियां बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और व्यावहारिक समझ विकसित करती हैं।

विद्यार्थियों में दिखा भारी उत्साह



कृषि, पर्यावरण को करीब से समझने का अवसर

प्रधानपाठक रमाकांत साहू ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें व्यावहारिक जीवन और प्रकृति से जोड़ना है। फूलों के बागान का भ्रमण बच्चों को कृषि, पर्यावरण और स्वावलंबन को करीब से समझने का अवसर प्रदान करता है।

शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों में सीखने की ललक पैदा होती है : डॉ. भीमो

शाला अध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र भीमो ने कहा कि किताबी दुनिया से बाहर निकलकर व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक ज्ञान प्राप्त करना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे विषयों को वास्तविक परिस्थितियों में समझते हैं और उनमें सीखने की रुचि बढ़ती है।

प्रकृति से जुड़कर सीखने का अवसर

जनप्रतिनिधि डॉ. लोकेश साहू ने विद्यालय के शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों की किताबी ज्ञान के प्रति समझ गहरी होती है। साथ ही उनमें प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण और श्रम के सम्मान की भावना विकसित होती है।

विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है : प्राचार्य

संकुल प्राचार्य बीआर रात्रे ने कहा कि बच्चों को कक्षा की चारदीवारी तक सीमित रखने के बजाय व्यावहारिक जीवन और प्रकृति की वास्तविक पाठशाला से जोड़ना है। प्राचार्य मुरलीधर दीवान ने कहा कि सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम के अंतर्गत फूलों की खेती का यह भ्रमण केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में सशक्त कदम है।

किसानों ने किया छात्रों की जिज्ञासा का समाधान

दरबा की सरपंच पूजा साहू ने कहा कि फुसेरा के विद्यार्थियों ने ग्राम दरबा के किसान नोमेन्द्र साहू के गेंदा फूलों के बागान में जिस उत्सुकता से खेती की बारीकियों को समझा और प्रश्न पूछे, वह बेहद प्रेरणादायक रहा। किसान ने भी बच्चों की जिज्ञासाओं का धैर्यपूर्वक समाधान किया।

आमदी के 11 खिलाड़ियों का राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर चयन



- लॉन टेनिस में 5 खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन
- बास्केटबॉल और सॉफ्ट टेनिस में 6 खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय तथा विजन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल आमदी के खिलाड़ियों ने खेल के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। आमदी के कुल 11 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इनमें 5 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर लॉन टेनिस तथा 6 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों में 3 बालिकाएं बास्केटबॉल तथा 3 बालक सॉफ्ट टेनिस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

राष्ट्रीय स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में तेजेश कुमार देवांगन पिता चोवा देवांगन, समर कुमार साहू पिता तमेश्वर प्रसाद साहू, पुष्पांजलि साहू पिता महेंद्र साहू, वासु साहू पिता लवकुश साहू तथा यश कुमार साहू पिता एमन साहू का चयन हुआ है। राष्ट्रीय स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता 23 से 27 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित है। राज्यस्तरीय बास्केटबॉल में ईशा साहू पिता धर्मेंद्र साहू, ललिता धीवर पिता सुखदेव तथा पायल साहू पिता मनोज साहू चयनित हुए हैं। प्रतियोगिता 23 से 26 अक्टूबर तक सरगुजा जिले के अंबिकापुर में आयोजित होगी।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए सॉफ्ट टेनिस में दीपांशु साहू पिता रेवा साहू, रुद्र निषाद पिता भोजराम निषाद तथा तन्मय साहू पिता चेमन साहू का चयन हुआ है। इनका चयन 23 से 26 अक्टूबर तक अंबिकापुर जिला सरगुजा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

गरबा उत्सव में विद्यार्थियों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

जीजामगांव। दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जीजामगांव में नवरात्रि पर्व पर गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक अभिरुचि एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक सजावट, लोकगीतों और सामूहिक गरबा नृत्य ने महाविद्यालय परिसर को उत्सवी रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी तारनी साहू एवं लीना बैस ने किया। विद्यार्थियों ने माता सेवा गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का सांस्कृतिक एवं भक्तिमय वातावरण निर्मित किया। गरबा उत्सव अंतर्गत रंगोली, दीया सजावट, थाली सजावट, एकल गरबा, एकल गीत, फैंसी ड्रेस एवं समूह सांस्कृतिक प्रस्तुति सहित विभिन्न प्रतियोगिता हुई।

दशहरा पर्व पर कोरमुड़पारा में हुई ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

ग्राम कोरमुड़पारा सांकरा में दशहरा पर्व पर सुभाष क्लब युवा संगठन एवं मोहल्लेवासियों के तत्वावधान में पारंपरिक ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक, बालिका, महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान दौड़, बोरा दौड़, कुर्सी दौड़, रस्साकसी, कबड्डी सहित विभिन्न पारंपरिक खेल का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सरपंच नागेंद्र बोरझा ने अपनी ओर से 1,500 रु की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। कार्यक्रम में वार्ड पंच लक्ष्मीनाथ ओटी, जयाबाई ध्रुव, नंदू ओटी, विशाल राम ओटी, सुखचंद ध्रुव, युवराज पटेल, किशोर मरकाम, प्रेमा ध्रुव, चंद्रशेखर साहू, संजय यादव, मनोज साहू का सराहनीय योगदान रहा। युवा जागृति बाल मंडली द्वारा रावण का पुतला तैयार कर उसका वध किया गया।



जीवन दीप समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर

- एनक्यूएएस और कायाकल्प के मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिविल अस्पताल नगरी में जीवन दीप समिति की साधारण सभा एवं समीक्षा बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष तथा समिति के पदेन अध्यक्ष महेश गोटा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विकासखंड अंतर्गत संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता और उपचार सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। इस दौरान मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों का पालन करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में विकासखंड के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से अपने-अपने केंद्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें ओपीडी, आईपीडी, आपातकालीन सेवाओं, प्रसव सुविधाओं तथा गैर-संचारी रोगों के प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी गई। इसके साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा तथा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई।

इस अवसर पर विखं चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण नेताम, विखं कार्यक्रम प्रबंधक हितेन्द्र साहू, विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारी, जीवन दीप समिति के सदस्य एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।



विकास कार्यों की भावी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श

बैठक में समिति की पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा की गई। समिति के समक्ष आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई। स्वास्थ्य केंद्रों के सुचारु संचालन, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा अस्पताल परिसर में विकास कार्यों की भावी कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से प्राप्त मांगों एवं संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राथमिकता

महेश गोटा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर, सुलभ और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी, आईपीडी और प्रसव सेवाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। सभी स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) एवं कायाकल्प कार्यक्रम के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और मरीजों की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

टाइगर रिजर्व में 3500 क्षतिग्रस्त वृक्षों को बचाने की वैज्ञानिक मुहिम







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- कर्नाटक से पहुंचे ट्री डॉक्टर विजय निशांत

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के करका वनक्षेत्र में क्षतिग्रस्त हजारों वृक्षों को नवजीवन देने विशेष वैज्ञानिक अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्डलिंग से प्रभावित लगभग 3500 वृक्षों का उपचार कर उसे सूखने से बचाना है। पेड़ों के संरक्षण एवं उपचार के लिए प्रसिद्ध वृक्ष संरक्षक विशेषज्ञ विजय निशांत अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ कनार्टक से उदंती सीतानदी पहुंचे हैं।

इलाज में उन्नत तकनीक, स्थानीय अमले की सहभागिता

पेड़ों को बचाने अत्याधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से ब्रिज ग्राफ्टिंग शामिल है। इसके माध्यम से क्षतिग्रस्त हिस्से के उपर और नीचे के जीवित उत्तकों को जोड़कर पोषक तत्वों के प्रवाह को फिर से शुरू किया जाता है। इसके अलावा ट्री बैंडेजिंग, घाव भरने के लिए मधुमक्खियों के मोम व संतरे के तेल का मिश्रण, रूट ड्रेचिंग और पादप वृद्धि हार्मोन का छिड़काव किया रहा है। इस अभियान में यूएसटीआर के 100 से अधिक मैदानी वनकर्मियों के साथ-साथ नगरी के बुलाए गए बागवानी विशेषज्ञ चंद्रप्रकाश साहू (हार्टिकल्चर एक्सटेंशन ऑफिसर) एवं बीरबल की टीम शामिल है। इनका उद्देश्य वनकर्मियों में तकनीकी क्षमता का निर्माण करना है ताकि भविष्य में वे स्वयं ऐसा उपचार कर सके।

उपचार के लिए वृक्षों का 4 श्रेणी में विभाजन

ट्री डॉक्टर विजय निशांत के मार्गदर्शन में 3500 चिन्हित वृक्षों को उनकी स्थिति और पुनर्जीवित होने की संभावनाओं के आधार पर 4 श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। पहली श्रेणी में तत्काल उपचार एवं सर्जरी वाले वृक्ष, जिन्हें तत्काल आपातकालीन ट्री बैंडेजिंग की आवश्यकता है। दूसरी श्रेणी में 50 से 75 प्रतिशत जीवित रहने की संभावना वाले वृक्ष, जिसे ब्रिज ग्राफ्टिंग और उचित देखभाल से आसानी से बचाया जा सकता है। तीसरी श्रेणी में 50 प्रतिशत से कम जीवित रहने की संभावना वाले वृक्ष, गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त वृक्षों को बार -बार ब्रिज ग्राफ्टिंग, रूट स्ट्रेंथनर और टिश्यू ग्रोथ हार्मोन छिड़काव जैसे गहन वैज्ञानिक उपचार की आवश्यकता होगी। चौथी श्रेणी में पूर्णतः मृत वृक्ष जो अब जीवित नहीं हैं, हो सकते हैं, उन्हें चयनित रूप से काटा जाएगा। ताकि उनके ठूंठ या जड़ों से पुनः प्राकृतिक नई कोपले फूट सके।

प्राकृतिक रूप से ठीक हो रहे वृक्षों का अध्ययन

निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि कुछ वृक्षों में प्राकृतिक रूप से घाव भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यूएसटीआर इन पेड़ों की केस स्टडी तैयार कर रही है ताकि समझा जा सके कि गर्डलिंग के बाद भी पेड़ स्वयं को कैसे सुरक्षित रखते हैं। इससे भविष्य में सटीक वैज्ञानिक मॉडल विकसित करने में मदद मिलेगी।

पैरी नदी के कैचमेंट एरिया के लिए संजीवनी

यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि करका वनक्षेत्र पारिस्थितिक दृष्टि से पैरी नदी के उपरी जलग्रहण (कैचमेंट) क्षेत्र का हिस्सा है। पैरी और सोंदूर नदी आगे जाकर राजिम में महानदी में मिलती है। इस क्षेत्र के वनों का विनाश जैव विविधता, वन्य जीव प्रवास मृदा संरक्षण और जल स्त्रोतों के लिए बड़ा खतरा है। यह वैज्ञानिक अभियान न केवल 3500 वृक्षों को जीवनदान देने की एक ऐतिहासिक पहल है बल्कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के पुनरूद्धार की दिशा में वन विभाग का मजबूत कदम है।





खबर संक्षेप



भोथली में भक्तिभाव के साथ मना दुर्गोत्सव व विजयादशमी पर्व

कुरूद। ग्राम भोथली में शारदीय नवरात्र एवं दशहरा उत्सव पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। शक्ति उपासना के नौ दिनों में पूरे गांव का वातावरण देवी गीतों और मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने मां जगदंबा की विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की उन्नति, खुशहाली और निरोगी जीवन की मंगलकामना की। विजयादशमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन मूल्यों का स्मरण करते हुए अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश दिया गया। इस धार्मिक आयोजन ने ग्रामीणों में आपसी भाईचारे और समरसता को और प्रगाढ़ किया। कार्यक्रम को भव्य रूप देने में युवा गोविंदा आला समिति एवं आदर्श चौक दुर्गा समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।
इस दौरान पूर्व सरपंच ईश्वरीराम साहू, सरपंच योगेश साहू, समिति अध्यक्ष त्रिभुवन साहू, रामकृष्ण देवांगन, तोमन साहू, शेखर साहू, क्रांति देवांगन, पोखराज ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कुंती का लेख 'बस्तर दशहरा' का आकाशवाणी केंद्र से हुआ प्रसारण

धमतरी। जिले की साहित्यकार कुंती साहू ने हिंदी साहित्य के क्षेत्र



में अपनी रचनात्मक लेखनी के माध्यम से पहचान बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। उनके द्वारा लिखित लेख बस्तर दशहरा का आकाशवाणी केंद्र से प्रसारण हुआ। यह लेख छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा की विशिष्टताओं को जनसामान्य तक पहुंचाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। कुंती वर्ष 2023-24 से साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। उनकी साहित्यिक अभिरुचि सामाजिक सरोकारों, सांस्कृतिक विरासत तथा जनजीवन से जुड़े विषयों को अभिव्यक्ति देने पर केंद्रित है। साहित्य एवं सामाजिक गतिविधियों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें विभिन्न स्तरों पर सम्मान प्राप्त हुए हैं। इनमें विभूति अलंकरण सम्मान (2024), मुंशी प्रेमचंद स्मृति राष्ट्रीय धारा सम्मान (2025) तथा स्वामी विवेकानंद रत्न सम्मान (2026) शामिल हैं।

सीएम साय से सांसद प्रधान ने की मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री निवास पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं ओडिशा संबलपुर से सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार कोमुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री प्रधान का आत्मीय स्वागत किया।

सराफा, कपड़ा, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में बढ़ी रौनक

त्यौहारी सीजन की खरीदारी से गुलजार हुआ धमतरी का बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दीपावली नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सराफा, कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और पेंट दुकानों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। त्योहार की तैयारियों के बीच बाजार में खरीदारी का उत्साह दिखाई दे रहा है, वहीं बढ़ते यातायात दबाव के कारण लोगों को हर दस मिनट में जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

दीपावली पर शुभ खरीदारी की परंपरा के चलते लोग परिवार के साथ बाजार पहुंच रहे हैं। कोई नए कपड़े खरीद रहा है, तो कोई घर को सजाने के लिए रंग-रोगन और सजावटी सामान पसंद कर रहा है।

सराफा दुकानों में आभूषणों, बर्तन दुकानों में घरेलू सामान और



हर दस मिनट में जाम, आवागमन प्रभावित

बाजार में बढ़ती भीड़ के साथ यातायात व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही और दुकानों के सामने बेतरतीब पार्किंग के कारण बार-बार जाम लग रहा है। इससे वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वालों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

करवा चौथ की तैयारियां भी तेज

दीपावली के साथ करवा चौथ को लेकर भी बाजार में रौनक बढ़ रही है। 29 अक्टूबर को मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए महिलाएं करवा, चलनी, दीये, चुनरी और पूजन सामग्री की खरीदारी कर रही हैं। महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती और करवा माता की पूजा कर चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोलेंगी।



इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में विभिन्न उपकरणों की मांग बनी हुई है। दुकानों की आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से बाजार का माहौल भी उत्सवी हो गया है। सुआ नृत्य ने भी त्योहार की चमक बढ़ाई है। व्यापारियों को आगामी दिनों में कारोबार और बढ़ने की उम्मीद है।

राजस्व वसूली के लिए निगम का सख्त अभियान, चार दुकान सील

- 7 नल कनेक्शन काटे, मौके पर वसूले 34 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम ने शहर के विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं के लिए राजस्व वसूली अभियान तेज कर दिया है। बार-बार नोटिस और पर्याप्त समय देने के बाद भी बकाया जमा नहीं करने वालों के खिलाफ निगम ने सख्त रुख अपनाया है। अभियान के दौरान चार दुकानों को सील किया गया, जबकि तीन दुकानदारों ने मौके पर 34 हजार रुपये जमा किए। वहीं जलकर बकाया होने पर सात नल कनेक्शन भी काटे गए। निगम की इस कार्रवाई से बकायादारों में भुगतान को लेकर सक्रियता बढ़ी है।

नगर निगम द्वारा संपत्तिकर, समेकित कर, दुकान किराया और जलकर की वसूली के लिए चरणबद्ध अभियान चलाया जा रहा है। हटकेश्वर स्कूल के सामने परिसर की दो और रामबाग बाजार की दो दुकानों को सील किया गया।



12.67 करोड़ की वसूली का लक्ष्य

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि निगम ने विभिन्न करों के रूप में 12 करोड़ 67 लाख 20 हजार रुपये वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अब तक 4 करोड़ 13 लाख 34 हजार रुपये की वसूली हो चुकी है। शेष राशि की वसूली के लिए राजस्व विभाग की टीमें लगातार काम कर रही हैं। दुकान किराया जमा नहीं करने वाले 27 व्यापारियों को भी चिह्नित किया गया है।

आयुक्त ने किया समय पर भुगतान का आग्रह

आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने शहरवासियों और दुकानदारों से संपत्तिकर, दुकान किराया एवं जलकर समय पर जमा करने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली से प्राप्त राशि शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नोटिस के बाद भी भुगतान नहीं करने वाले बकायादारों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

इसके अलावा नया बस स्टैंड स्थित दुकान क्रमांक-दो पर भी किराया बकाया होने के कारण सीलबंदी की कार्रवाई की गई। निगम की टीम बकायादारों को नोटिस देकर भुगतान के लिए प्रेरित कर रही है।

रेत के अवैध उत्खनन के खिलाफ होगा आंदोलन



- जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने किया संगठन का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम अछोटा में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन विस्तार के तहत सदस्यता अभियान चलाकर नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ा गया और विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। विकास देवांगन को जिला महासचिव, धमतरी, ताम्रध्वज सेन को खंड सचिव और योगेश्वर कोर्राम को खंड सचिव नियुक्त किया गया।

बैठक में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष निखिलेश देवान ने छत्तीसगढ़िया समाज के साथ कथित अत्याचार तथा रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर चिंता जताई। उन्होंने क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कलेक्टर के निर्देशों की अवहेलना कर चेन माउंटेन मशीन से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। बिना रॉयल्टी रेत परिवहन से शासन को राजस्व की क्षति हो रही है, जबकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा के बाद पार्टी ने अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आगामी दिनों में उग्र आंदोलन करने की रणनीति तैयार की। सदस्यों ने छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा और अधिकारों की रक्षा के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़िया युवा क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष डोमेश्वर साहू, जिला मीडिया प्रभारी युमेश देवांगन, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के खंड अध्यक्ष सोमन राम, खंड उपाध्यक्ष यशराज देवांगन, खंड संगठन मंत्री सुशील साहू सहित यादराम यादव, दीपेश ध्रुव, शेषकुमार मरकाम, योगेश्वर कोर्राम, गुरुदयाल साहू और राज देवांगन उपस्थित थे।

अराजकता के लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं : अजय

- लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ एवं एसआईआर को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में भाजपा के आगामी कार्यक्रम लोकतंत्र बचाओ - भीड़तंत्र हटाओ अंतर्गत पखवाड़े भर चलने वाले विभिन्न अभियान की रूपरेखा बनाई गई और प्रत्येक कार्यक्रम के लिए अलग अलग टीम की घोषणा की गई।

मुख्य वक्ता विधायक कुरूद अजय चंद्राकर ने कहा कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए को स्पष्ट जनादेश दिया जिससे विपक्षी दलों में जबरदस्त छटपटाहट है। अधिकतर विपक्षी दल अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस वैचारिक रूप से दिवालिया हो चुकी है। विपक्ष को सरकार से असहमत होने के अधिकार है परंतु लोकतंत्र में अराजकता को कोई स्थान नहीं हो सकता। चुनाव आयोग के साथ साथ राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश जैसी पवित्र संस्थाओं पर मनगढ़ंत आरोप लगाकर लोकतंत्र को अस्थिर करने का खतरनाक प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर एक वृहद लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा का आयोजन होगा। प्रत्येक विधानसभा में प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं से संवाद होगा। हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्तर के छात्रों के बीच कुछ रोचक प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन होगा।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू, जिला प्रभारी किरण बघेल, महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, पूर्व विधायक पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, राकेश साहू, महेंद्र पंडित सहित अन्य उपस्थित थे।





भारत में सत्ता सिर्फ वोट के जरिए हासिल की जा सकती है : शशि

लोकतंत्र बचाओ- भीड़तंत्र हटाओ अभियान के जिला संयोजक शशि पवार ने कहा कि भारत में केवल वोट के जरिए ही सत्ता परिवर्तन किया जा सकता है। रेजीम चेंज को हथियार बनाकर विश्व की कुछ महाशक्तियां अनेक देशों में अपना नियंत्रण बना पाने में सफल भी हुई हैं। भारत में कुछ संगठन और नेता उनका मोहरा बनकर यहां शांति भंग करने के प्रयास में लगे हुए हैं।

पदाधिकारियों को सौंपी जवाबदारी

जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि कार्यक्रमों के लिए जिले की एक 4 सदस्यीय टीम बनाई गई है। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए अलग अलग 3-4 सदस्यों की टीम भी बनाई गई है।
पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को पृथक-पृथक जवाबदारी दी जा रही है। एसआईआर को लेकर भी बूथ स्तर पर बीएलए नियुक्त किए गए हैं।

रामलीला भारतीय संस्कृति की आत्मा : पं. राजेश



- छाती के रामलीला कार्यक्रम में शामिल हुए समाजसेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विजयादशमी पर ग्राम छाती में आयोजित श्रीरामलीला मंचन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने श्रीराम दरबार की पूजन-अर्चना कर ग्राम सहित पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में श्रीरामलीला का विशेष महत्व है। गांव-गांव में दशहरा पर्व पर रामलीला का मंचन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाता है। भगवान श्रीराम के अवतरण से लेकर उनके जीवन के प्रमुख प्रसंगों और अंत में रावण दहन तक की गाथा मंच पर प्रस्तुत की जाती है। रामलीला केवल नाट्य मंचन नहीं, बल्कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी भगवान श्रीराम के आदर्शों, भारतीय परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक लेखराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र पंडित एवं लोकेश डागा थे।

श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करें

श्री शर्मा ने कहा कि विजयादशमी सत्य की असत्य पर, धर्म की अधर्म पर और सदाचार की बुराई पर विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, त्याग, संयम, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रामलीला हमारी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न हिस्सा है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि आदर्श समाज का निर्माण तभी संभव है, जब व्यक्ति श्रीराम के आदर्शों को अपने आचरण में अपनाएं।

भारत माता के जयघोष के साथ स्वयंसेवकों ने दिया राष्ट्रभक्ति और अनुशासन का संदेश



- भाजपा शहर मंडल ने पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर आमातालाब में किया गया। भारतमाता के जयघोष के साथ निकले इस संचलन ने पूरे नगर में राष्ट्रभक्ति और अनुशासन का संदेश दिया।

कदम से कदम मिलाते हुए केसरिया ध्वज के साथ चल रहे स्वयंसेवकों का जगह-जगह वार्डवासियों ने पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल के नेतृत्व में मंडल के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पथ



संचलन पर पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया।

इस दौरान श्री गजपाल ने कहा कि संघ का अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मौके पर भाजपा शहर मंडल महामंत्री राजीव चंद्राकर, सोशल मीडिया प्रभारी विशाल त्रिवेदी, मंत्री देवेंद्र ध्रुवंशी, संस्कृति प्रकोष्ठ जिला संयोजक अतुल साहू, पार्षद चंद्रभागा साहू, चंद्रकला पटेल, संगीता जगताप, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा कुंजाम, अंकिता मिश्रा, अभिषेक सोनी, राजेश त्रिपाठी, वेदप्रकाश साहू, प्रेमप्रकाश साहू, विकास राठी, आदित्य भोंसले, आयुष पटवा, अंकुश जगताप, प्रतीक महावर, सतीश सहित अन्य उपस्थित थे।

हटकेश्वर वार्ड में 29 से कामताप्रसाद का हरिकीर्तन



धमतरी। जय श्री मारुति सेवा समिति के तत्वावधान में हटकेश्वर वार्ड के बरपारा में 29 से 31 अक्टूबर तक हरिकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में कुंडेरा दादर के कामताप्रसाद शरण महाराज भक्तों को हरिकीर्तन के माध्यम से भक्ति और आध्यात्मिकता से जोड़ेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में परमेश्वर साहू, संतोषी साहू,चैन सिंह साहू, राजेश साहू समेत अन्य जुटे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

सीतानदी, महानदी में रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड के नदी-नालों से रेत के अवैध उत्खनन का मामला एक बार फिर चर्चा में है।

- जिम्मेदार विभाग की निगरानी पर उठे सवाल

बेलर तहसील क्षेत्र की सीतानदी सहित महानदी और आसपास के छोटे-बड़े नालों से रेत निकालने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नदी से दिनदहाड़े ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत निकाली जा रही है और इसे अन्य क्षेत्रों में ऊंचे दाम पर बेचकर मुनाफा कमाया जा रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की निगरानी और कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

बेलर से कांकेर जाने वाले मार्ग पर स्थित सीतानदी में रेत का दिनदहाड़े उत्खनन किया जा रहा है। 10 से 12



कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहा उत्खनन

लोगों का कहना है कि अवैध उत्खनन के मामले में कभी-कभार कार्रवाई की जाती है, लेकिन इसके बाद फिर से रेत निकालने का सिलसिला शुरू हो जाता है। लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर किसके संरक्षण में यह कारोबार चल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी इस पर प्रभावी रोक क्यों नहीं लगा पा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और संबंधित पक्षों का जवाब सामने आना बाकी है।

ट्रैक्टर लगे थे। ग्रामीणों के अनुसार सुबह से शाम तक नदी से रेत भरकर ट्रैक्टरों की आवाजाही होती रहती है। इससे नदी के प्राकृतिक स्वरूप पर असर पड़ने के साथ ही आसपास की सड़कों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है।

राजस्व की हानि और पर्यावरण पर खतरा

रेत के अनियंत्रित उत्खनन से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ नदी के पर्यावरणीय संतुलन पर भी असर पड़ सकता है। रेत से भरे ट्रैक्टरों की लगातार आवाजाही से ग्रामीण सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की आशंका भी जताई जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि नियमानुसार उत्खनन और परिवहन किया जाए तो शासन को राजस्व मिलेगा और क्षेत्र के विकास कार्यों में भी इसका लाभ हो सकता है।

जांच और कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने खनिज विभाग एवं जिला प्रशासन से सीतानदी, महानदी और अन्य नदी-नालों में रेत उत्खनन की जांच कराने, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



